## एक नजर में

### गर्भवती महिलाओं की जांच में लापरवाही, दो निलंबित

**नीमच.** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जीरन में प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान के तहत आयोजित शिविर में गंभीर लापरवाही सामने आने पर दो लैब टेक्नीशियन को निलंबित कर दिया गया है. कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने यह कार्रवाई की. जानकारी के अनुसार 25 मई को आयोजित शिविर में पालसोड़ा निवासी रीना राठौर के पति अनिल राठौर ने शिकायत की थी कि लैब टेक्नीशियन अंकित शर्मा और लीना सिंघाड़िया ने यूरिन, ब्लड शुगर और एल्बुमिन की जांच किए बिना ही रिपोर्ट जारी कर दी. परिजनों द्वारा बनाए गए वीडियो में भी सैंपल जांच किए बिना रिपोर्ट तैयार करने की बात सामने आई.जांच में पाया गया कि गर्भवती महिलाओं की जरूरी जांच किए बिना रिपोर्ट दी गई. जिससे शुगर, एल्बुमिन और अन्य स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी नहीं मिल सकी.

### संवेदनशील क्षेत्रों में किया गया फ्लैग मार्च

**जबलपुर.** ईद-उल-जुहा पर्व पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से ओमती, कोतवाली गोहलपुर, अधारताल संभाग के संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया. पुलिस अधीक्षक ने सम्पत उपाध्याय कहा कि निकाले गये फ्लैग मार्च का उद्देश्य आम नागरिक अपने आपको सुरक्षित महसूस करें, ईद पर्व पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखना है. असामाजिक तत्वों एवं गुण्डे बदमाशों के द्वारा यदि किसी भी प्रकार की कोई अनैतिक गतिविधि को अंजाम देने का प्रयास किया गया तो उसके विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही विधि अनुरूप की जायेगी, किसी को भी बख्शा नहीं जायेगा.

# मोबाइल से खुलने लगी 'कड़ियां'

## चैट-रिकॉर्डिंग से खुलासा, हनीट्रैप नेटवर्क पर कसता शिकंजा

- हनीट्रैप केस में डिजिटल सुराग अहम, कई नाम रडार पर
- सिर्फ ब्लैकमेल नहीं, संगठित नेटवर्क की जांच में जुटी पुलिस



**नव भारत न्यूज**
**इंदौर, 26 मई. शराब कारोबारी चिंटू ठाकुर की शिकायत से सामने आया हाईप्रोफाइल हनीट्रैप कांड अब शहर की सबसे बड़ी और संवेदनशील जांच बनता जा रहा है. शुरुआत में इसे ब्लैकमेलिंग का सामान्य मामला माना जा रहा था, लेकिन क्राइम ब्रांच की पूछताछ में ऐसे संकेत मिले हैं, जिससे कई रसूखदारों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं.**

क्राइम ब्रांच ने श्वेता विजय जैन, अलका दीक्षित, जयदीप दीक्षित, रेशू चौधरी, लाखन चौधरी, विनोद शर्मा और जितेंद्र पुरोहित को कोर्ट में पेश करने के बाद सभी को जेल भेज दिया. हालांकि जांच एजेंसियों के मुताबिक मामला यहीं खत्म नहीं हुआ, बल्कि असली परतें अब खुल रही हैं.

पूछताछ में आरोपियों ने कई ऐसे लोगों के नाम उजागर किए हैं, जिनके तार बड़े कारोबारियों और प्रभावशाली नेटवर्क से जुड़े बताए जा रहे हैं. एसआईटी ने आरोपियों से अलग-अलग और आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की, जिसमें कई बार बयान बदलने और एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालने की कोशिश भी सामने आई. लेकिन मोबाइल चैट, कॉल रिकॉर्ड और अन्य डिजिटल सबूतों के आधार पर पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं. जांच में सामने आया है कि जब्त मोबाइल फोन इस पूरे मामले की अहम कड़ी बने हुए हैं. इनमें से चैट, वीडियो, कॉल रिकॉर्डिंग और लेन-देन से जुड़ी जानकारियां मिली हैं. साइबर टीम डिलीट डेटा रिकवर करने में जुटी है. पुलिस को आशंका है कि यह मामला केवल एक व्यक्ति को फंसाने तक सीमित नहीं, बल्कि संगठित हनीट्रैप और डिजिटल ब्लैकमेलिंग नेटवर्क का हिस्सा हो सकता है.

> मामले में प्रधान आरक्षक विनोद शर्मा की गिरफ्तारी के बाद पुलिस महकमे में भी हलचल है. जांच अब इस दिशा में भी बढ़ रही है कि क्या आरोपियों को अंदरूनी मदद मिल रही थी और क्या कुछ मामलों में दबाव या सेटिंग के जरिए कार्रवाई प्रभावित की गई. सूत्रों के अनुसार पुलिस उन सभी लोगों की सूची तैयार कर रही है, जिनका आरोपियों से संपर्क रहा है. संभावना जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में इस मामले में और बड़े नाम सामने आ सकते हैं. जिससे प्रदेश के कई प्रभावशाली लोगों की भूमिका पर सवाल खड़े हो सकते हैं.

### प्रधानमंत्री के 12 वर्ष पूर्ण होने पर मोहन यादव ने दी बधाई

**भोपाल.** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राष्ट्र सेवा के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने पर हार्दिक बधाई दी है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, आत्मनिर्भरता, सुरक्षा, सांस्कृतिक गौरव, डिजिटल क्रांति और वैश्विक नेतृत्व के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं. उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया अभियान के माध्यम से गांव और गरीब तक तकनीक की पहुंच सुनिश्चित हुई है तथा अंत्योदय की भावना के साथ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया है. मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के उत्थान से लेकर सीमाओं की सुरक्षा तथा नक्सल और आतंक मुक्त भारत की दिशा में अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं. आज भारत वैश्विक मंचों पर निर्णायक नेतृत्व कर रहा है और दुनिया भारत को विश्वास, विकास और वैभव के प्रतीक के रूप में देख रही है.

# ईंधन कीमतों में वृद्धि जनता पर बोझ : कमलनाथ

**भोपाल, 26 मई. मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने डीज़ल, पेट्रोल और सीएनजी की कीमतों में वृद्धि को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का बहाना बनाकर जनता पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है.**



श्री कमलनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी ट्वीट में कहा कि सरकारी आंकड़े खुद इस बात की गवाही देते हैं कि सरकार डीज़ल और पेट्रोल पर प्रति लीटर कम से कम 30 रुपए टैक्स वसूल रही है. वहीं पेट्रोलियम कंपनियों के आंकड़े बताते हैं कि इन कंपनियों ने पिछले कुछ वर्षों के साथ इस वर्ष भी लाखों करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है.

उन्होंने दावा किया कि पिछली तिमाही में ही पेट्रोलियम कंपनियों ने 28 से 78 प्रतिशत तक मुनाफा अर्जित किया है. उन्होंने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम थीं, तब सरकार डीज़ल और पेट्रोल के दाम घटाकर जनता को राहत पहुंचा सकती थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया और कंपनियों ने भारी मुनाफा कमाया.

उन्होंने कहा कि अब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में थोड़ी वृद्धि होते ही पूरा बोझ जनता पर डाला जा रहा है. सरकार अपना टैक्स और पेट्रोलियम कंपनियां अपना कुछ मुनाफा कम कर आम लोगों को राहत पहुंचा सकती हैं.

# लू लगने से 6 साल के मासूम की मौत

- बेटे के सदमे में मां ने भी तोड़ा दम

**छतरपुर, 26 मई. हरपालपुर में नौतपा की भीषण गर्मी के बीच एक दर्दनाक घटना सामने आई है. रेलवे स्टेशन वार्ड क्रमांक 5 में लू लगने से छह वर्षीय मासूम हसनैन की मौत हो गई. बेटे की मौत का सदमा सहन न कर पाने पर उसकी मां रजिया खातून ने भी दम तोड़ दिया. एक साथ मां-बेटे की मौत से पूरे इलाके में शोक का माहौल है.**





जानकारी के अनुसार मंगलवार को नौतपा के दूसरे दिन तापमान 46 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया था. तेज गर्मी और लू के चलते मासूम हसनैन की अचानक तबीयत बिगड़ गई. परिजन उसे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी सांसें थम गईं.

बताया जा रहा है कि बेटे की मौत की खबर सुनते ही मां रजिया खातून बदहवास हो गईं. गहरे सदमे के कारण उन्हें दिल का दौरा पड़ा और कुछ ही मिनटों में उनकी भी मौत हो गई. इस हृदयविदारक घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया.

स्थानीय लोगों ने बताया कि परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. घटना के बाद मोहल्ले में मातम पसरा हुआ है और लोगों की आंखें नम हैं.

डॉक्टरों ने लगातार बढ़ रही गर्मी और लू को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है. विशेषज्ञों का कहना है कि दोपहर में धूप से बचें, बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें, पर्याप्त पानी पीते रहें और शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाएं.

# पुलिस ने अगवा व्यापारी को छुड़ाया, 4 बदमाश को दबोचे

## कार में डालकर ले गए थे व्यापारी, सीसीटीवी से लगा था सुराग

- पीथमपुर रोड से किया था अपहरण, नागपुर में मारा छापा
- जमीन विवाद में दिया था वारदात को अंजाम



**नव भारत न्यूज**
**इंदौर, 26 मई. राऊ पुलिस ने अपहरण के एक सनसनीखेज मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए चंद घंटों में अनाज व्यापारी को मुक्त करा लिया. पुलिस ने घेराबंदी कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार है. वारदात में इस्तेमाल की गई स्विफ्ट कार भी जब्त कर ली गई है.**

एसीपी निधि सक्सेना ने बताया कि घटना सोमवार 25 मई की शाम करीब 6 बजे की है, जब पीथमपुर रोड स्थित वाइन शॉप के पास खड़े अनाज व्यापारी को 4-5 बदमाशों ने जबरन कार में बैठाकर अगवा कर लिया. घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक राजपाल सिंह राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर तत्काल तलाश शुरू की गई.

पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें संदिग्ध कार का सुराग मिला.

> जिससे वाहन को ट्रेस करते हुए टीम ग्राम नागपुर (सांवेर) पहुंची, जहां दबिश देकर व्यापारी सूरज लववंशी को आरोपियों के कब्जे से छुड़ा लिया. मौके से विशाल पटेल, जितेंद्र पटेल, सुमित पटेल और गब्बर उर्फ सुनील पटेल को हिरासत में लिया, जबकि मुकेश पटेल फरार है. पूछताछ में मामला जमीन विवाद और आपसी लेन-देन से जुड़ा सामने आया है. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है.

# मुख्यमंत्री ने शिप्रा को ओढ़ाई 351 फीट लंबी चुनरी

**अद्भुत संगम**
- महाअभियान बनी शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा
- पहली बार गूंजी भारतीय नौसेना बैंड की देशभक्ति धुन
- रामघाट पर भक्ति, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम

**नवभारत न्यूज़**
**उज्जैन, 26 मई. गंगा दशहरा पर्व पर निकली मां शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा का मंगलवार को भव्य और ऐतिहासिक समापन हुआ. दो दिनों तक चली इस आध्यात्मिक यात्रा में श्रद्धा, संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और जल संरक्षण का अद्भुत संगम देखने को मिला.**



मुख्यमंत्री मोहन यादव सपत्नीक यात्रा में शामिल हुए और रामघाट पर मोक्षदायिनी मां शिप्रा का पूजन-अर्चन कर 351 फीट लंबी चुनरी अर्पित की. हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में पूरा शिप्रा तट जय श्री महाकाल और जय मां शिप्रा के जयघोष से गूंज उठा. मुख्यमंत्री मंगलवार शाम को उज्जैन पहुंचे, जहां हेलीपैड पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और भाजपा पदाधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया.

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जल संरक्षण की व्यापक मुहिम चलाई जा रही है. कुएं, बावड़ी, तालाब, नदियों और जल स्रोतों के संरक्षण के लिए हजारों कार्य किए जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि 'जल ही जीवन है' और आने वाली पीढ़ियों के लिए जल बचाना सबसे बड़ा दायित्व है.

पहले दिन यात्रा रामघाट से शुरू होकर नृसिंह घाट, कर्कराज मंदिर, वेधशाला, महामृत्युंजय द्वार और प्रशांतिधाम होते हुए दत्त अखाड़ा पहुंची, जहां रात्रि विश्राम किया गया. दूसरे दिन यात्रा पुन: विभिन्न घाटों और तीर्थ स्थलों से होती हुई रामघाट पहुंची, जहां भव्य समापन हुआ.

# बैंक में किसानों के करोड़ों रुपए फंसे

**भोपाल, 26 मई. मध्यप्रदेश विधानसभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने शिवपुरी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की खराब आर्थिक स्थिति और जमाकर्ताओं की परेशानियों को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है.**



अजय सिंह ने कहा कि वर्षों से हजारों किसान, व्यापारी और मजदूर अपनी जमा पूंजी वापस पाने के लिए भटक रहे हैं, लेकिन शासन और प्रशासन उनकी समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं है. उन्होंने इसे सरकार की संवेदनहीनता और प्रशासनिक विफलता करार दिया.

उन्होंने कहा कि आंदोलनों को दबाने के बजाय स्थानीय प्रशासन को पीड़ित नागरिकों के साथ बैठकर समाधान निकालना चाहिए. उन्होंने आरोप लगाया कि बैंक में जमा लोगों की गाढ़ी कमाई वर्षों से फंसी हुई है और सरकार इस मुद्दे पर मौन बनी हुई है.

कांग्रेस नेता ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रभाव क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व भाजपा के बड़े नेता करते हैं, वहां किसान, छोटे व्यापारी और मजदूर अपनी ही जमा राशि के लिए परेशान हैं. उन्होंने कहा कि लोग बेटियों की शादी, इलाज और खेती के लिए अपनी बचत और सावधि जमा राशि निकालने के लिए वर्षों से चक्कर काट रहे हैं.

> अजय सिंह ने कहा कि यदि बैंक में वित्तीय अनियमितताएं हुई हैं, तो जिम्मेदार अधिकारियों और संचालक मंडल के खिलाफ अब तक सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की गई. उन्होंने पूछा कि राज्य सरकार ने बैंक को पुनर्जीवित करने या जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा के लिए अब तक कौन से ठोस कदम उठाए हैं. उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मांग की कि राज्य सरकार तत्काल हस्तक्षेप कर शिवपुरी जिला सहकारी बैंक के लिए विशेष राहत पैकेज जारी करे.

### किराना दुकान में कार घुसी, बालक की मौत

**शहडोल.** जिले में एक कार के किराना दुकान में घुस जाने से नौ वर्षीय बालक की मौत हो गई, जबकि एक महिला घायल हो गई. जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के भमरहा गांव में मुख्य मार्ग किनारे स्थित एक किराना दुकान में कल शाम अचानक एक कार घुस गई. घटना के समय दुकान में मौजूद महिला और बालक घायल हो गए. दोनों घायलों को तत्काल ब्यौहारी अस्पताल में भर्ती कराया गया. गंभीर रूप से घायल दीपक सिंह (9) की हालत देर रात बिगड़ने पर उसे रीवा मेडिकल कॉलेज ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में रात करीब दो बजे उसकी मौत हो गई. पुलिस ने मामला दर्ज कर कार जब्त कर ली है, चालक को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

### जल संकट को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

**भोपाल, 26 मई.** इंदौर में लगातार गहराते पेयजल संकट के विरोध में मंगलवार को इंदौर जिला कांग्रेस कमेटी ने धरना-प्रदर्शन आयोजित किया. कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर शहरवासियों को नियमित पेयजल उपलब्ध कराने में विफल रहने का आरोप लगाया.

# आईईटी हॉस्टल में हंगामे का मामलें में 17 छात्र चिन्हित

- अभिभावकों की एंट्री, एफिडेविट और 25 हजार की पेनल्टी तय

**इंदौर, 26 मई. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के आईईटी विभाग के हॉस्टल में अर्धनग्न होकर डांस और तोड़फोड़ करने वाले छात्रों पर कार्रवाई तेज हो गई है. वीडियो के आधार पर 17 छात्रों की पहचान कर उन्हें नोटिस जारी किया है और अब उनके अभिभावकों को विभाग बुलाया जा रहा है.**



अब तक 4 छात्रों के अभिभावक विभाग पहुंचकर प्रबंधन से चर्चा कर चुके हैं. घटना को लेकर अभिभावक भी असहज नजर आए और बच्चों की हरकत पर कुछ कह नहीं सके. विभाग के डायरेक्टर डॉ. प्रतोष बंसल के मुताबिक, छात्रों और उनके अभिभावकों से एफिडेविट लिया जा रहा है. इसमें यह शपथ ली जा रही है कि छात्र भविष्य में ऐसा कोई काम नहीं करेंगे जिससे विभाग की छवि खराब हो, वे समाजहित में कार्य करेंगे और नियमों का पालन करेंगे. प्रबंधन ने प्रत्येक छात्र पर 25 हजार रुपए की पेनल्टी भी लगाई है. साफ किया गया है कि पेनल्टी जमा किए बिना छात्रों का रिजल्ट जारी नहीं किया जाएगा. घटना के बाद छात्रों को परीक्षा से भी रोका गया था, हालांकि जांच पूरी होने के बाद उनके शेष पेपर दिलवाए जाएंगे.

# पत्रकारों ने मानव अधिकार आयोग को सौंपा शिकायत पत्र

- पत्रकारों ने निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की

**देवरी/रायसेन, 26 मई. देवरी थाना प्रभारी की कार्यप्रणाली को लेकर पत्रकारों ने मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो को शिकायत पत्र सौंपकर गंभीर आरोप लगाए हैं. पत्रकारों का कहना है कि थाना क्षेत्र में जुआ, सट्टा, गांजा, अवैध शराब और अन्य अवैध गतिविधियां लंबे समय से संचालित हो रही हैं, लेकिन इन पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है.**




शिकायत में कहा गया कि स्थानीय पत्रकार जनहित के मुद्दों को लगातार समाचार माध्यमों में प्रमुखता से प्रकाशित और प्रसारित कर रहे हैं. आरोप है कि इसके बाद थाना प्रभारी जयदीप भदोरिया द्वारा पत्रकारों के प्रति दुर्भावनापूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है. पत्रकारों ने आरोप लगाया कि उन्हें झूठे मामलों में फंसाने, धमकाने और प्रताड़ित करने जैसी बातें कही जा रही हैं, जिससे भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है.

पत्रकारों ने अपने आवेदन में कहा कि लोकतंत्र में पत्रकारिता को चौथा स्तंभ माना जाता है और निष्पक्ष समाचार प्रकाशित करने पर यदि पत्रकारों को प्रताड़ित किया जाता है तो यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और मानवाधिकारों के खिलाफ है. उन्होंने मानव अधिकार आयोग से मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई तथा पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है.

> मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने कहा कि पत्रकारों की शिकायत उन्हें प्राप्त हुई है. उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का चौथा स्तंभ हैं और उन्हें धमकाया नहीं जा सकता. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में पत्रकारों को धमकाने या झूठे मामलों में फंसाने जैसी शिकायत दोबारा मिली तो आयोग स्तर से कार्रवाई की जाएगी. वहीं एसडीओपी केएस मुकाती ने बताया कि मानव अधिकार आयोग सदस्य द्वारा आवेदन उन्हें सौंपा गया है. उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी को समझाइश दी जाएगी और पत्रकारों को किसी भी प्रकार से धमकाने या फंसाने जैसी स्थिति नहीं बनने दी जाएगी.

# जवाहरलाल नेहरू पुण्यतिथि पर कांग्रेस देगी श्रद्धांजलि

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल, 26 मई. भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर 27 मई को जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल शहर द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा.**



कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे. सुबह 10.30 बजे रोशनपुरा चौराहे स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी. इसके बाद सुबह 11 बजे प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय इंदिरा भवन स्थित राजीव गांधी ऑडिटोरियम में दूसरा कार्यक्रम आयोजित होगा.

जिला कांग्रेस कमेटी (शहर) अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है.

उन्होंने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू का स्वतंत्र भारत के निर्माण, लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती तथा आधुनिक भारत की नींव रखने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है.

**निर्देश** नियमों की अनदेखी करने वाले ठेकेदारों और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी

# आबकारी नीति का कड़ाई से पालन कराएं कलेक्टर : देवड़ा

**भोपाल, 26 मई. मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने जिलों के कलेक्टरों को वर्ष 2026-27 की आबकारी नीति का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं.**



उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि शासन ने नई आबकारी नीति के प्रावधानों को जमीनी स्तर पर पूरी तरह लागू करने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं. उन्होंने कहा कि अवैध रूप से संचालित शॉप बार, समय सीमा के उल्लंघन और ओवर रेटिंग जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए राज्यव्यापी विशेष अभियान चलाया जाएगा.

उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी करने वाले मदिरा ठेकेदारों और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी. आबकारी विभाग की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मुख्यालय स्तर से सभी जिला अधिकारियों को बिंदुवार दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं.

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नई नीति के तहत प्रदेश की सभी कम्पोजिट मदिरा दुकानों को पूरी तरह 'ऑफ श्रेणी' घोषित किया गया है. इसके अंतर्गत दुकान परिसर या उसके आसपास मदिरा सेवन की सुविधा उपलब्ध कराना पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा.

उन्होंने अवैध अहातों और उपभोग स्थलों की सघन जांच के लिए विशेष दल गठित कर औचक निरीक्षण करने तथा नियम विरुद्ध संचालित स्थलों को तत्काल बंद कराने के निर्देश दिए. श्री देवड़ा ने कहा कि मदिरा दुकानों के निर्धारित समय से पहले खुलने और तय समय के बाद देर रात तक बिक्री किए जाने के मामलों को भी गंभीरता से लिया गया है. इसके लिए पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीमें गश्त करेंगी.

उन्होंने कहा कि ओवर रेटिंग रोकने के लिए प्रत्येक दुकान पर मदिरा की विक्रय दरों का प्रदर्शन अनिवार्य किया गया है. साथ ही पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए दुकानों पर क्यूआर कोड लगाए जाएंगे, जिनसे उपभोक्ता वास्तविक दरों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे.

> उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर मदिरा बिक्री करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ भारी जुर्माना और लाइसेंस निलंबन जैसी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि प्रदेश के पवित्र घोषित नगरों और क्षेत्रों में मदिरा की अवैध बिक्री और परिवहन पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए निगरानी व्यवस्था और सख्त की जा रही है.